भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 4862
(जिसका उत्तर गुरुवार, 25 अप्रैल, 2013/5 वैशाख, 1935 (शक) को दिया गया)

<u>कंपनियों के पास अदावाकृत धनराशि</u>

4862. श्री पी. कुमार :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में विभिन्न कंपनियों के पास मौजूद असंदत्त एवं अदावाकृत राशि संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार किसी कंपनी या इनके निदेशक के विरूद्ध लंबित मामलों पर नजर रखने के लिए निवेशकों की आसान पहुंच उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री सचिन पायलट)

(क) से (घ) : जी, हां। कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने ऐसी कंपनियों के पास पड़ी अप्रदत्त तथा अदावाकृत राशि के संबंध में कंपनियों द्वारा एमसीए21 पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों का विश्लेषण करने का निर्णय किया है। किसी कंपनी या उसके निदेशकों के खिलाफ लंबित अभियोजन के ब्यौरे प्राप्त करने में निवेशकों मदद करने के लिए प्रणाली में सर्च सुविधा प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया है।

*****